कोर सेक्टर आउटपुट

जून 2022 में भारत के [आठ प्रमुख क्षेत्रों/कोर सेक्टर के उत्पादन](#) **में वृद्धि की दर घटकर 12.7% के स्तर पर पहुँच गई, जो कि मई 2022 में 18.1%** थी, इसमें कच्चे तेल को छोड़कर सभी क्षेत्रों में उत्पादन में वृद्धि दर्ज की गई थी।



आठ प्रमुख उद्योग क्षेत्र:

- इसमें शामिल हैं:
  - कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, स्टील, सीमेंट, बिजली
- **परिचय:**
  - इनमें **औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) में शामिल मदों के भारांक का 40.27** प्रतिशत शामिल है।
  - अपने **भारांक के घटते क्रम में आठ प्रमुख उद्योग क्षेत्र** हैं:
    - रिफाइनरी उत्पाद> बिजली> स्टील> कोयला> कच्चा तेल> प्राकृतिक गैस> सीमेंट> उर्वरक।
- **औद्योगिक उत्पादन सूचकांक:**
  - IIP एक संकेतक है जो **किसी निश्चित अवधि के दौरान औद्योगिक उत्पादों के उत्पादन की मात्रा में बदलाव** को मापता है।
  - यह सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) द्वारा मासिक रूप से संकलित और प्रकाशित किया जाता है।
  - यह एक समग्र संकेतक है, जो कि निम्न रूप से वर्गीकृत किये गए उद्योग समूहों की वृद्धि दर को मापता है:
    - **व्यापक क्षेत्र:**
      - अर्थात् खनन, विनिर्माण और बिजली।
    - **उपयोग आधारित क्षेत्र:**
      - मूलभूत वस्तुएँ, पूंजीगत वस्तुएँ और मध्यवर्ती वस्तुएँ।

- IIP के लिये **आधार वर्ष 2011-2012** है।

- **IIP का महत्त्व:**
    - इसका उपयोग नीति-निर्माण के लिये वित्त मंत्रालय, **भारतीय रिज़र्व बैंक** सहित अन्य **सरकारी एजेंसियों** द्वारा किया जाता है।
    - IIP त्रैमासिक और अग्रिम **सकल घरेलू उत्पाद (GDP)** के अनुमानों की गणना के लिये अत्यंत प्रासंगिक बना हुआ है।

यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा विगत वर्षों के प्रश्न (PYQs)

प्रारंभिक परीक्षा:

प्रश्न: 'आठ कोर उद्योग सूचकांक' में निम्नलिखित में से किसको सर्वाधिक महत्त्व दिया गया है?

(a) कोयला उत्पादन
(b) विद्युत उत्पादन
(c) उर्वरक उत्पादन
(d) इस्पात उत्पादन

उत्तर: b

व्याख्या:

- वर्ष 2015 में 8 प्रमुख उद्योगों के सूचकांक में बिजली का भार सबसे अधिक था। **अतः विकल्प (b) सही है।**
- आठ प्रमुख उद्योगों में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) में शामिल मदों के भार का 40.27 प्रतिशत शामिल है।
- आठ प्रमुख उद्योगों का वर्तमान भारांक (अप्रैल 2021) नीचे दिया गया है:
    - पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पादन (28.04%), बिजली (19.85%), स्टील (17.92%), कोयला उत्पादन (10.33%), कच्चा तेल (8.98%), प्राकृतिक गैस उत्पादन (6.88%), सीमेंट उत्पादन (5.37%), उर्वरक उत्पादन (2.63%)।
- औद्योगिक उत्पादनसूचकांक:
    - 'औद्योगिक उत्पादन सूचकांक' अर्थव्यवस्था के विभिन्न उद्योग समूहों में एक निश्चित समय अवधि में विकास दर को प्रदर्शित करता है।
    - इसका संकलन तथा प्रकाशन मासिक आधार पर 'राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय', 'सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय' द्वारा किया जाता है।

प्रश्न: विश्व में लौह और इस्पात उद्योग के स्थानिक प्रतिरूप में परिवर्तन का कारण बताइये। (2014, मुख्य परीक्षा)

स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/core-sectors-output